सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

दिनांक 06.11.2023

पत्रांक : कु.स. 520 /2023

कार्यालय-ज्ञाप

विश्वविद्यालय पत्रांक-कु.स.339/2023 दिनांक 25.11.2023 द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र (IKS) सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में 02 अनुसंधाताओं के त्याग-पत्र देने के कारण चयन समिति द्वारा संस्तुत प्रतीक्षारत क्रमिक दो अनुसंधाताओं (क्रमशः श्री वेद प्रकाश गौतम, श्री शुभम कुमार पाण्डेय) को वित्तीय सत्र 2023-24 में अनुसंधान कार्य हेतु कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 31.03.2024 तक की स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

उक्त अनुसंधाताओं में श्री शुभम कुमार पाण्डेय द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने के कारण चयन समिति द्वारा संस्तुत **तृतीय प्रतीक्षारत सुश्री शान्ति मिश्र** को वित्तीय सत्र 2023-24 में अनुसंधान कार्य हेतु कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 31.03.2024 तक की स्वीकृति प्रदान की की जाती है। साथ ही उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 09.12.2023 तक अपना कार्यभार अवश्य ग्रहण कर लें। -

अनुसंधाता को अनुसंधान कार्य हेतु प्रति माह रूपये 31000/- (इकतीस हजार) निश्चित मानदेय पर आमंत्रित किया जाता है। अनुसंधाता विश्वविद्यालय में स्थायी पद प्राप्ति हेतु दावा नहीं कर सकता है तथा केन्द्र को यह अधिकार होगा कि उसे किसी परिस्थिति में कभी भी बिना पूर्व सूचना के हटाया जा सकता है। उक्त चयनित अभ्यर्थी इस आशय का शपथ-पत्र अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करेंगे।

अनुसंधाता के पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान से सम्बन्धित प्रति माह के मानदेय प्राप्यक (बिल) भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र (IKS) प्रधान-गवेषक (PI) द्वारा कार्य सत्यापन के उपरान्त लेखानुभाग के माध्यम से किया जायेगा।

इस पर आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त है।

06/12/2023

(राकेश कुमार)
आइ.ए.एस.
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रो. हरि प्रसाद अधिकारी, समन्वयक- भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र (IKS)
3. डॉ. ज्ञानेन्द्र सापकोटा, प्रधान-गवेषक-भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र (IKS)
4. परीक्षा नियत्रंक
5. प्रोग्रामर को वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. सम्बन्धित अनुसंधाता।
7. सहायक कुलसचिव (प्रशासन)।
8. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
9. अधीक्षक (प्रशासन/लेखा)।
10. जनसम्पर्क अधिकारी।
11. सम्बद्ध पत्रावली।

06/12/2023

(राकेश कुमार)
आइ.ए.एस.
कुलसचिव